डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स

आपकी आवाज

गुरुवार

04 जनवरी 2023



वाहन चोर गिरोह का खुलासा, चोरी की स्कॉर्पियो के साथ पांच धराए

3



### अवैध खनन मामले में झारखंड में ईडी की कार्रवाई

# सीएम हेमंत के करीबियों के ठिकानों पर छापेमारी

- सीएम सोरेन के मीडिया सलाहकार अभिषेक प्रसाद पिंटू समेत जेएमएम नेताओं के करीबियों के ठिकानों पर ईडी की टीमों ने मारा छापा

**एजेंसी/रांची**

झारखंड में प्रवर्तन निदेशालय की टीमों ने सुबह-सुबह कई जगहों पर छापेमारी की। बताया गया है कि ईडी ने अवैध खनन मामले में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेताओं के करीबियों के ठिकानों पर छापे मारे हैं। ईडी की एक टीम सोरेन के मीडिया सलाहकार अभिषेक प्रसाद पिंटू के यहां भी पहुंची। अभिषेक प्रसाद के घर के साथ ईडी की टीमें 12 अलग-अलग जगहों पर रेड की। इसके अलावा साहेबगंज के डिप्टी कमिश्नर के आवास पर भी छापेमारी की गई। इसके अलावा आईएएस और साहिबगंज डीसी रामनिवास यादव (राजस्थान, साहिबगंज), खोदनिया ब्रदर्स (साहिबगंज), पूर्व विधायक पप्पू यादव शामिल हैं। वहीं ईडी की टीम सीएम के करीबी विनोद सिंह और आर्टिटेक रौशन के रातू रोड के पिस्का मोड स्थित आवास पहुंचकर छापेमारी की। साथ ही डीएसपी राजेंद्र दुबे (हजारीबाग और अन्य स्थानों), अभय सरावगी (कोलकाता), सिपाही अवधेश कुमार के घर भी छापेमारी हुई है। अभिषेक प्रसाद के आवास और साहेबगंज उपायुक्त के आवास समेत 12 ठिकानों पर तलाशी ली गई। राजधानी रांची में अरगोड़ा, रातू रोड सहित कई इलाकों में रेड हुई।

हेमंत सोरेन बरहेट विधानसभा से विधायक हैं। पंकज मिश्रा यहां से विधायक हेमंत सोरेन के प्रतिनिधि हैं। ईडी ने पंकज मिश्रा के यहां पहले रेड की थी। 19 जुलाई 2023 को पंकज से रिमांड पर पूछताछ में सीएम के मीडिया सलाहकार अभिषेक पिंटू का नाम सामने आया था। ईडी को दोनों के बीच वित्तीय लेनदेन के पुख्ता सबूत मिले थे। इसी आधार पर ईडी ने अभिषेक प्रसाद के घर पर रेड की है।



### सीएम हेमंत सोरेन नहीं देंगे इस्तीफा

रांची में सीएम आवास पर हुई विधायक दल की बैठक में यह फैसला लिया गया है। कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव ने बैठक में लिए गए फैसले की जानकारी देते हुए कहा कि बैठक में 43 विधायक थे। बैठक फैसला लिया गया कि हेमंत सोरेन सीएम हैं और आने वाले दिनों में भी वही सीएम रहेंगे... वहीं सूत्रों ने बताया कि बैठक में सभी विधायकों ने एक स्वर में कहा कि हेमंत सोरेन सीएम बने रहेंगे। साथ ही ईडी के कदम पर भी नजरें रखी जाएगी। यह फैसला ऐसे वक्त में सामने आया है जब हेमंत सोरेन ईडी ने ईडी के सातवें समन पर भी एजेंसी के सामने जाने से परहेज किया है। मंगलवार को सोरेन ने ईडी कार्यालय में एक पत्र भिजवाया था। मुख्यमंत्री सचिवालय का एक कर्मचारी दोपहर बाद लिफाफा लेकर ईडी दफ्तर पहुंचा था। वह ईडी दफ्तर में मौजूद अधिकारियों को लिफाफा सौंप कर निकल गया था। समाचार यूनिवार्ता की रिपोर्ट के मुताबिक, ईडी सूत्रों ने बताया कि तीन पन्नों के पत्र में हेमंत सोरेन की ओर से कहा गया था कि यह जांच अवैध है।

### झारखंड में लूट का नंगा खेल खेला गया है : बीजेपी

बीजेपी प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने राज्य के हेमंत सरकार पर 70000 करोड़ के घोटाले का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि आज के ईडी की दबिश ने फिर से साबित कर दिया है कि नेताओं और अफसर के गठजोड़ ने झारखंड में लूट का नंगा खेल खेला है. इस अति का अंत अब शीघ्र है.

**ये डराने की कोशिश हैं हमें..- कांग्रेस:** इधर, राजधानी रांची समेत राज्य के कई ठिकानों पर एक साथ ईडी की छापेमारी पर कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद ने कहा है कि ये कोई नई बात नहीं है जहां-जहां गैरबीजेपी सरकार है वहां छापेमारी होती है। बीते दिनों छत्तीसगढ़ में ऐसा हुआ था, ये डराने की कोशिश हैं हमें.. उम्मीद है जेएमएम वाले इससे डरेंगे नहीं।

# सीएम योगी बोले... प्रदेश के हर जिले के उत्पाद की होनी चाहिये ग्रेडिंग

- सीएम योगी एमएसएमई के 51 हजार करोड़ मेगा ऋण वितरण कार्यक्रम में हुए शामिल
- सीएम बोले, पहले पलायन को मजबूर परंपरागत उद्यमियों के चेहरे पर आज खिल रही मुस्कान

**केटी न्यूज ब्यूरो/लखनऊ**



आज उत्तर प्रदेश की प्रगति देखकर हर देशवासी खुश है, जबकि दुनिया अचंभित है क्योंकि वर्ष 2017 से पहले यहां निराशा, हताशा और अराजकता का माहौल था। हम वर्ष 2024 में प्रवेश कर चुके हैं। इन पौने सात वर्षों में प्रदेश छठी-सातवीं अर्थव्यवस्था से ऊपर उठकर आज देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला राज्य बन गया है। वहीं प्रदेश सर्वाधिक ग्रोथ रेट और आर्थिक विकास दर के साथ देश में सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। यह टीमवर्क का ही परिणाम है क्योंकि जब हम सामूहिक रूप से मिलकर कार्य करते हैं तो उसके परिणाम इसी रूप में हम सभी के सामने आते हैं। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को लोकभवन सभागार में आयोजित एमएसएमई के 51 हजार करोड़ मेगा ऋण वितरण समारोह में कही।

इस दौरान सीएम योगी ने प्लेज योजना के तहत मथुरा, अमरोहा, सीतापुर और मेरठ के प्लेज पार्कों के निर्माण की पहली किस्त वितरित की। साथ ही सहारनपुर, मुरादाबाद और संभल में ओडीओपी के तीन कॉमन फैसिलिटी सेंटर का लोकार्पण किया। इसके अलावा कौशाम्बी की सीएफसी टीम को स्वीकृति पत्र सौंपा। कार्यक्रम में सीएम योगी ने ओडीओपी और विश्वकर्मा श्रम सम्मान के एक दर्जन लाभार्थियों को चेक और टूल किट वितरित किया। वहीं मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को ई रिक्शा की चाबी सौंपी।

### हर जिले के उत्पादन का डाक टिकट हो जारी

सीएम योगी ने कहा कि हमें कॉफी टेबल बुक तक ही सीमित नहीं रहना है बल्कि हर जिले के उत्पादन का डाक टिकट भी जारी होना चाहिये। इसको लेकर प्रयास होने चाहिये क्योंकि यह हमें वैश्विक पहचान दिलाएगा। इतना ही नहीं हर जिले के उत्पाद की ग्रेडिंग भी होनी चाहिए ताकि अच्छे उत्पादन की जानकारी की जा सके। उसे पैकेजिंग और टेक्नोलॉजी से जोड़कर विश्व फलक पर पहचान दिलाएंगे। उत्तर प्रदेश ही ओडीओपी, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना और प्लेज पार्क योजना देने वाला पहला राज्य है। इससे प्रदेश में एमएसएमई यूनिट में काफी बढ़ोत्तरी हुई है और आज प्रदेश में 96 लाख एमएसएमई यूनिट हैं। उन्होंने बैंकर्स से कहा कि छोटी पूंजी वालों को भरपूर लोन दें क्योंकि छोटी पूंजी डूबती नहीं है। इससे जहां उनका बिजनेस बढ़ेगा, वहीं छोटी पूंजी वालों में बैंकर्स के प्रति विश्वास बढ़ेगा। इससे प्रदेश खुशहाली की ओर जाएगा।

# पटना एयरपोर्ट पर इंडिगो के विमान की इमरजेंसी लैंडिंग

**केटी न्यूज/पटना**

पटना के एयरपोर्ट पर बुधवार को इंडिगो के विमान की इमरजेंसी लैंडिंग हुई है। जानकारी के अनुसार इंडिगो के विमान ने पटना एयरपोर्ट से दिल्ली की लिए उड़ान भरी तभी, तभी विमान के भीतर तकनीकी खराबी आ गई। जिसके बाद विमान को वापस पटना एयरपोर्ट पर लैंड कराया गया। इस दौरान विमान में बिहार के सांसद और मंत्री भी मौजूद थे। इंडिगो की विमान संख्या 6ई 2074 ने पटना से दिल्ली के लिए उड़ान भरी थी। जैसे ही विमान ने उड़ान भरी उसके पहिए फंस गए और विमान के अंदर नहीं जा रहे थे। इसके बाद के क्रू मेंबर्स में हड़कंप मच गया। इसके बाद पायलट ने एटीसी से संपर्क साधा और एटीसी से कंफर्मेशन मिलने के बाद विमान की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई।



विमान में कुल 187 यात्री सवार थे, जिसमें जेडीयू सांसद सुनील कुमार पिंटू और बिहार सरकार के मंत्री संजय कुमार झा मौजूद थे। विमान पर सवार सभी यात्री सुरक्षित हैं। बाद में सभी यात्रियों को दूसरे विमान से दिल्ली के लिए रवाना किया गया हालांकि जेडीयू सांसद सुनील कुमार पिंटू और मंत्री संजय झा दिल्ली नहीं गए और वापस लौट गए। विमान से बाहर आए सांसद सुनील कुमार पिंटू ने बताया कि फ्लाइट के आगे के पहिए के हाइड्रोलिक काम नहीं कर रहे थे, इससे उड़ान के बाद पहिए अंदर नहीं जा रहे थे।

# बिहार में 10 आईपीएस अधिकारियों का तबादला गरिमा पटना, शिवदीप बने मुजफ्फरपुर आईजी

**केटी न्यूज/पटना**

लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए बिहार सरकार के गृह विभाग की तरफ से राज्य के 10 आईपीएस अधिकारियों का तबादला किया गया है। इनमें से कुछ लोगों को प्रमोशन भी दिया गया है। गृह विभाग की तरफ से जारी अधिसूचना के मुताबिक पुलिस महानिदेशक सुरक्षा सुनील कुमार को अब विशेष शाखा बिहार में पोस्टिंग दी गई है। इसके अलावा राकेश राठी, विनय कुमार और शिवदीप लांडे का तबादला किया गया है। यह लोग अब नए जगह से राज्य सरकार में अपनी सेवा प्रदान करेंगे।

दरअसल, हाल ही में बिहार में 21आईपीएस को प्रमोशन मिला है। इनमें तीन को डीआईजी से पुलिस महानिरीक्षक (आईजी), 11 को एसएसपी से डीआईजी और सात एसपी को कनीय से प्रवर कोटि (सेलेक्शन ग्रेड) में प्रोन्नति दी गई थी। गृह विभाग की जानकारी के अनुसार कोसी रेंज के डीआईजी शिवदीप लांडे, सीआईडी की डीआईजी गरिमा मलिक और निगरानी की डीआईजी एस प्रेमलता को आईजी रैंक में प्रोन्नति दी गई है। यह तीनों वर्ष 2006 बैच के बिहार कैडर के आईपीएस हैं।

ऐसे में बिहार सरकार ने आईपीएस के 10 अधिकारियों का तबादला किया है। जिसमें पटना और मुजफ्फरपुर के आईजी बदले गए हैं। इसके अलावा छपरा, पूर्णिया, दरभंगा, बेगूसराय में डीआईजी भी तैनात किए गए हैं। जिन आईपीएस अधिकारियों का ट्रांसफर हुआ है उनमें शिवदीप लांडे, राकेश राठी, मनोज कुमार, राशिद जमा, विकास कुमार शामिल हैं। इनमें से अधिकतर अधिकारियों का हाल ही में प्रमोशन हुआ था। गृह विभाग द्वारा बुधवार को जारी अधिसूचना के मुताबिक आईपीएस सुनील कुमार को पटना अपर पुलिस महानिदेशक के पद से ट्रांसफर करके एडीजी विशेष शाखा में तैनाती दी गई है। आईपीएस राकेश राठी को पटना मुख्यालय में आईजी पद पर तैनात किया गया है। विनय कुमार को आईजी सुरक्षा लगाया गया है। इसी तरह कोसी क्षेत्र के डीआईजी शिवदीप लांडे को आईजी मुजफ्फरपुर बनाया गया है। डीआईजी गरिमा मलिक को आईजी पटना, डीआईजी प्रशासन विकास वर्मन को डीआईजी छपरा तैनात किया गया है। वहीं सुरक्षा विशेष डीआईजी मनोज कुमार को डीआईजी सहरसा, सारण क्षेत्र के डीआईजी विकास कुमार का पूर्णिया तबादला किया गया है। बेगूसराय के डीआईजी बाबू राम को दरंभाग भेजा गया है। विशेष शाखा के एसपी राशिद जमा को डीआईजी बेगूसराय के पद पर तैनात किया गया है।

# एफआईआर में नाम आने से परेशान दारोगा ने खुद को मारी गोली, गंभीर

**केटी न्यूज/पटना**

पटना सिविल कोर्ट में पदस्थापपित एक दारोगा ने खुद को गोली मार ली है। जिसके बाद पुलिस विभाग में हडकंप मच गया। घटना के बाद घायल एसआई को पटना के एक निजी क्लीनिक में भर्ती कराया गया है। जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस सूत्रों के अनसुार घायल दारोगा मूलरूप से बिहार के औरंगाबाद निवासी रश्मि रंजन हैं। वे हवाई अड्डा थाना इलाके किराए के मकान में अकेले रहते हैं। रश्मि रंजन ने बुधवार की दोपहर सर्विस पिस्टल से खुद को सिर में गोली मार ली। पुलिस एसआई रश्मी रंजन द्वारा खुद को गोली मारने के कारणों की जांच कर रही है। पुलिस के कई बड़े पदाधिकारी अस्पातल पहुंच परिस्थिति पर नजर बनाए हुए है। वहीं घटना की सूचना मिलते ही एसआई के परिजन हॉस्पीटल पहुंचे।

डीएसपी सुशील कुमार ने कहा कि सुबह 2009 बैच के दारोगा रश्मि रंजन द्वारा खुद को गोली मार लेने की सूचना मिली। इनको बेहतर इलाज के लिए पारस हॉस्पिटल में भर्ती में करवाया गया है। घटना के बाद पटना एसएसपी और स्थानीय पुलिस पदाधिकारी पारस हॉस्पिटल पहुंचे। डॉक्टर से उनके बेहतर इलाज की बात की। डीएसपी ने बताया कि औरंगाबाद में एक केस में उनको नामजद किया गया था जिससे वह काफी परेशान चल रहे थे।

## बिहार में शराबबंदी का सर्वे कराएगी सरकार

**पटना।** बिहार में शराबबंदी कानून को खत्म करने की लगातार मांग उठती रही है। विपक्ष के साथ साथ सत्ताधारी दल के नेता भी शराबबंदी की समीक्षा कराने की मांग सरकार से करते रहे हैं। पक्ष और विपक्ष की तरफ से लगातार उठ रही मांग के बाद विधानसभा के शीतकालीन सत्र में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शराबबंदी का फिर से सर्वे कराने का ऐलान किया था। अब विभाग इसकी तैयारियों में जुट गया है। बिहार सरकार में जेडीयू कोटे से मद्य निषेद मंत्री सुनील कुमार ने कहा है कि सरकार जल्द ही शराबबंदी का सर्वे कराने जा रही है। उन्होंने कहा कि सर्वे के लिए एजेंसी का चयन किया जा रहा है। चयन के बाद डिटेल सर्वे करवाया जाएगा।


# सीएम नीतीश कुमार में है सभी तरह की योग्यता: अखिलेश सिंह

**केटी न्यूज/पटना**

इंडिया गठबंधन के बड़े नेता अपनी अगली रणनीति के तहत जल्द ही बैठक आयोजित कर सकते हैं। ऐसे में अब यह चर्चा शुरू हो गई है कि इस गठबंधन में नीतीश कुमार की अहम भूमिका को देखते हुए कांग्रेस के बड़े नेता उन्हें संयोजक बनाने का प्रस्ताव दे सकते हैं। बिहार कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह ने बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने कहा है कि नीतीश कुमार में सभी तरह की योग्यता है।

बिहार कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह ने कहा है कि इंडिया गठबंधन की बैठक कब होगी इसको लेकर अभी तक फैसला नहीं हुआ है। लेकिन, हां यह बात जरूर है कि मीटिंग होगी और ये तो होता ही रहा है। रही बात नीतीश जी की तो उनमें सभी तरह की योग्यता है। रही बात सीट शेयरिंग की तो इसमें कहीं कोई समस्या नहीं है। हमलोग सबकुछ तय करे लेंगे और भाजपा को हराएंगे।






### उद्योग जगत 6 हजार करोड़ से अधिक की निवेश परियोजनाएं को धरातल पर उतारने को तैयार

# इसी साल वर्ल्ड क्लास बन जाएगी प्रभु श्रीराम की अयोध्या

**केटी न्यूज ब्यूरो/अयोध्या**

अयोध्या में आठ परिकल्पनाओं के आधार पर निरंतर कार्य हो रहे हैं, जिससे अवधपुरी को वैश्विक नगरी बनाने का सपना साकार होने जा रहा है। अयोध्या में 30.5 हजार करोड़ से ज्यादा की परियोजनाओं में से अधिकांश 2024 में पूरी हो रही हैं। वहीं सीएम योगी के प्रयासों से यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दौरान अयोध्या के लिए प्राप्त हुए 6 हजार करोड़ से अधिक के निवेश भी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के जरिए धरातल पर उतरने को तैयार हैं। 2017 में उत्तर प्रदेश में उत्तर प्रदेश की कमान संभालने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने डबल इंजन की ताकत से अयोध्या के चहुंमुखी विकास का खाका खींचा और इसे लेकर मिशन मोड में कार्य शुरू किया गया। एक के बाद एक लगभग 30.5 हजार करोड़ की 178 परियोजनाओं के जरिए अयोध्या को विश्वस्तरीय नगरी के रूप में विकसित करने का संकल्प अब सिद्धि तक पहुंचने जा रहा है। दरअसल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पहले दिन से ही अवधपुरी के वैभव को पुनर्प्रतिष्ठापित करने के लिए आठ परिकल्पनाओं को ही 'मॉडल' मानकर कार्य करने के निर्देश अधिकारियों को दे दिये थे। अयोध्या की पुनर्प्रतिष्ठापित करने के आठ 'मॉडल' में अयोध्या को सक्षम, आधुनिक, सुगम्य, सुरम्य, भावात्मक, स्वच्छ और आयुष्मान नगर के रूप में स्थापित करने का संकल्प मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लिया है। वहीं सूर्यवंशी राजा राम की नगरी को सौर ऊर्जा से प्रकाशमान बनाने के लिए योगी सरकार की ओर से सबसे बड़ा तोहफा इसी साल मार्च तक सोलर सिटी के रूप में मिलने वाला है।



### इस साल पूरी होंगी ये बड़ी परियोजनाएं

जनवरी में जहां एक तरफ भव्य श्रीराम मंदिर का उद्घाटन होगा, वहीं 394 करोड़ से 4 लेन अयोध्या अकबरपुर बसखारी मार्ग, एनएच 27 से रामपथ तक रेलवे समपार, पंचकोसी परिक्रमा मार्ग पर बड़ी बुआ रेलवे क्रॉसिंग पर ओवर ब्रिज, दर्शन नगर के पास रेलवे ओवर ब्रिज, अमानीगंज में मल्टी लेवल पार्किंग, कलेक्ट्रेट के पास स्मार्ट वाहन पार्किंग, पंचकोसी और चौदहकोसी मार्ग पर इंटरप्रिटेशन वॉल का निर्माण, परिक्रमा मार्ग पर 25 से ज्यादा पर्यटन स्थलों और कुंडों का विकास, डेकोरेटिव पोल और हेरिटेज लाइटों की स्थापना का कार्य, कौशल्या सदन का निर्माण, मुक्ति वैकुंठ धाम के विकास का कार्य भी पूरा हो जाएगा। वहीं फरवरी में अयोध्या के 7 वार्डों में 24 घंटे जलापूर्ति, सूर्यकुंड के पास आरओबी, मार्च में अयोध्या अकबरपुर मार्ग पर फतेहगंज आरओबी, अयोध्या बिल्हौरघाट 4 लेन सड़क, गुप्तार घाट का सौंदर्यीकरण, नया घाट से लक्ष्मण घाट तक पर्यटन सुविधाओं का विकास, अयोध्या सोलर सिटी का कार्य पूरा कर लिया जाएगा। अप्रैल में अवध बस स्टैंड के पास आश्रय गृह का निर्माण, नाका बाइपास के पास कल्याण भवन का निर्माण, चार ऐतिहासिक प्रवेश द्वारों का निर्माण पूरा कर लिया जाएगा।

# गजना महोत्सव में स्कूल के बच्चों को भी मिलेगा प्रस्तुति का मौका

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**



गजना महोत्सव के आयोजन को लेकर बुधवार को जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने संबंधित अधिकारियों के साथ समाहरणालय सभागार कक्ष में समीक्षा बैठक की। 16 और 17 जनवरी को होनेवाले इस कार्यक्रम के लिए कलाकारों के चयन पर चर्चा हुई। इसमें जिला पदाधिकारी ने कहा कि बाहरी कलाकार, स्थानीय कलाकार के साथ-साथ स्कूली बच्चों को कार्यक्रम में प्रस्तुति का मौका दिया जाएगा। साथ ही विभिन्न स्कूलों के बच्चे के बीच खेलकूद प्रतियोगिता का भी आयोजन कराया जाएगा। जिला पदाधिकारी ने कलाकारों की सुरक्षा एवं ठहरने के लिए व्यवस्था का इंतजाम करने का निर्देश दिया। कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग को गजना धाम के आसपास का रोड को मरम्मत करने का निर्देश दिया गया। इसके साथ-साथ जिला पदाधिकारी ने सभी अधिकारियों को अलग-अलग कमेटी गठन करने का निर्देश दिया। जिससे गजना महोत्सव का सफल आयोजन हो सके। इस बैठक में अपर समाहर्ता ललित भूषण रंजन, सहायक समाहर्ता गौरव कुमार, उपविकास आयुक्त अभेन्द्र मोहन सिंह, डीटीओ शैलेश कुमार दास, एएसडीएम मालती कुमारी, वरीय उप समाहर्ता रत्ना प्रियदर्शिनी, वरीय उप समाहर्ता अमित कुमार सिंह, वरीय उप समाहर्ता आलोक कुमार, डीपीओ गार्गी कुमारी, एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## मनरेगा के तहत क्रियान्वित योजनाओं का डीएम ने किया स्थल निरीक्षण, स्वास्थ्य सुविधाओं का लिया जायजा

**औरंगाबाद।** जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के निदेशानुसार औरंगाबाद जिले के हसपुरा प्रखंड के सभी पंचायत में पंचायती राज विभाग एवं मनरेगा के तहत क्रियान्वित योजनाओं का स्थल निरीक्षण जिला स्तरीय पदाधिकारियों द्वारा किया गया। इस दौरान स्वयं जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा हसपुरा प्रखंड के ग्राम पंचायत हसपुरा में पंचायती राज एवं मनरेगा द्वारा क्रियान्वित योजनाओं की जांच की गई। जिला पदाधिकारी के साथ तकनीकी पदाधिकारी के रूप में राजेश कुमार, कार्यपालक अभियंता स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, औरंगाबाद एवं कुंदन कुमार, पंचायत सचिव हसपुरा उपस्थित रहे। जिला पदाधिकारी द्वारा इस दौरान रेफरल अस्पताल हसपुरा का भी निरीक्षण किया गया। इस दौरान जिला पदाधिकारी द्वारा रेफरल अस्पताल के सभी वार्डो का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। तत्पश्चात जिला पदाधिकारी द्वारा राजकीय कृत मध्य विद्यालय, गहना, हसपुरा का निरीक्षण किया गया एवं इस दौरान छात्रों के लिए बनाए जा रहे मध्याह्न भोजन की जांच की गई। जिला पदाधिकारी द्वारा छात्रों से मुलाकात कर उनके पठन–पाठन से संबंधित जानकारी प्राप्त की गई एवं विद्यालय में संधारित पंजीयो का भी अवलोकन किया गया एवं शिक्षक एवं छात्रों की उपस्थिति की भी जांच की गई। जिला पदाधिकारी द्वारा मनरेगा के तहत क्रियान्वित योजनाओं यथा अमृत सरोवर, पेवर ब्लॉक, अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई आदि की भी जांच की गई।

## एक नजर

### बिजली विभाग का अभियंता बन साइबर अपराधियों ने उड़ाया आठ हजार रुपया

**मखदुमपुर।** थाना क्षेत्र के नेर गांव निवासी अग्रेश शर्मा ने साइबर थाना जहानाबाद में लिखित आवेदन देकर कहा है कि उनके मोबाइल नंबर पर एक कॉल आया और उनसे कहा गया कि वे बिजली विभाग मखदुमपुर के कनीय अभियंता बोल रहे हैं। उनके यहां जो बिजली विभाग का 19 हजार रुपया बकाया है। बिजली विभाग उनकी स्थिति को देखते हुए केवल 8 हजार रुपये ही लेगा, बाकी का पैसा विभाग माफ कर देगा साथ ही, यह भी शर्त रख कि यह ऑफर केवल आज तक के लिए ही है कल यदि आप पैसा जमा करते हैं तो आप 8 हजार नही बल्के पूरे 19 हजार रुपया जमा करना होगा। यह बात सुन पीड़ित ने अपने भतीजे के मोबाइल से साइबर ठग के बताए हुए मोबाइल नंबर पर पे फोन कर दिया और जब दूसरे दिन बिजली विभाग में जाकर रसीद मांगा तो वहां बताया गया कि उन्हें बिजली विभाग द्वारा ऐसा कोई ऑफर दिया ही नहीं गया था बल्कि वे साइबर ठग के शिकार हो गए हैं।

### बीपीएससी की परीक्षा में प्रशांत ने लहराया परचम



**औरंगाबाद।** बीपीएससी की परीक्षा में प्रशांत को सफलता पाने के बाद लगातार उनके घर पहुचकर जनप्रतिनिधियों से लेकर समाजसेवी द्वारा बधाई देने का तांता लगा हुआ है। बुधवार को बरमा खूर्द पंचायत के पैक्स अध्यक्ष दिलीप कुमार उर्फ लड्डू सिंह प्रशांत कुमार के घर पहुचकर बधाई देते हुए मिठाई खिलाया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मेरे पंचायत में प्रशांत ने अवर प्रमंडल पदाधिकारी बनकर जिले के साथ प्रखंड व गांव का नाम रौशन किया है। प्रशांत के पिता चंदन कुमार माता सविता देवी दादा क्रिश्चन बर्मा भाई निशांत सोनू मोनू ने बताया कि प्रशांत बचपन से ही शांत स्वभाव और पढ़ने में तेज था। प्रशांत की सफलता से गांव के समाजसेवी राकेश रौशन, जयकांत मौर्य वार्ड प्रतिनिधि विजेंद्र वर्मा मुन्ना सिंह रविंद्र वर्मा विनोद साव शशिकांत गुप्ता उन्हें बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वही गांव के ही समाजसेवी मोहर लाल मिश्रा ने समानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रशांत कुमार ने बताया कि बहुत जल्द अवर प्रमंडल पदाधिकारी सिंचाई अवर प्रमंडल मलियाबाग सिंचाई प्रमंडल नवानगर के अंतर्गत बक्सर जिला के नवानगर में पदस्थापित होंगे। गौरतलब हो कि प्रशांत कुमार ने बीपीएससी परीक्षा में जेनरल से 125 रैंक व बीसी से 9 रैंक लाकर बीपीएससी परीक्षा में सफलता हासिल की है।

## नवादा थाना क्षेत्र के सुंदर गली निवासी गौरव मिश्रा के साथ हुई फ्रॉड की घटना

# साइबर क्राइम का नया तरीका... फौजी बन शिक्षक के खाते से उड़ाए 24 हजार

- बच्चों की ट्यूशन फीस देने के नाम पर मांगा क्यूआर कोड और खाते से उड़ा लिया पैसे
- फौजी के ड्रेस वाले स्टेट्स लगे फोन व व्हाट्सएप नंबर से कॉल और मैसेज कर रहा था फ्रॉड



**केटी न्यूज/आरा**

शहर में फौजी बन प्राइवेट शिक्षक से साइबर ठगी करने का मामला सामने आया है। बच्चों की ट्यूशन फीस देने के नाम पर फ्रॉड ने पहले शिक्षक से क्यूआर कोड मांगा और फिर उनके खाते से 24 हजार रुपए उड़ा लिया। साइबर फ्रॉड की घटना नवादा थाना क्षेत्र के पकड़ी की सुंदर गली निवासी शिक्षक गौरव मिश्रा के साथ हुई है। इसे लेकर उनके पिता मनोज कुमार मिश्रा के बयान पर साइबर थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। उससे पहले साइबर क्राइम के पोर्टल पर भी ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई गई थी। जानकारी के अनुसार शिक्षक के नंबर और व्हाट्सएप पर फौजी की डीपी व स्टेट्स लगे शख्स की ओर से संपर्क किया गया। वह अपने को शहर के मेन रोड हाउसिंग कॉलोनी का रहने वाला संदीप रावत और इंडियन आर्मी का जवान बता रहा था। उसका कहना था कि उसकी ड्यूटी जम्मू कश्मीर के राजौरी कैंप में है। उसकी तीन बच्चियां हैं, उन्हें ट्यूशन पढ़ाना है। उसके लिए उसने फीस की जानकारी मांगी। बोला कि सेना से बच्चों की फीस मिलती है। ऐसे में उसे क्यूआर कोड की जरूरत है। तब शिक्षक की ओर से फीस की जानकारी देते हुए क्यूआर कोड भेज दिया गया। उसके बाद उनके खाते से 24 हजार रुपए की निकासी कर ली गयी। बहरहाल साइबर थाने की पुलिस मामले की छानबीन और साइबर फ्रॉड की पहचान एवं गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी है।

## सड़क पार करने के दौरान ट्रैक्टर ने बच्ची को रौंदा, अस्पताल लाए जाने के दौरान तोड़ा दम

**केटी न्यूज/आरा**



मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सारंगपुर गांव में बुधवार की शाम बिस्किट खरीदने जा रही बच्ची को बेलगाम ट्रैक्टर ने रौंद डाला। हादसे में गंभीर रूप से जख्मी बच्ची की इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले जाने के दौरान मौत हो गई।

मृत बच्ची सारंगपुर गांव निवासी मन्नू नट की 8 वर्षीया पुत्री करिया कुमारी है। हादसे के बाद घटनास्थल पर काफी देर तक अफरातफरी मची रही। उस बीच चालक ट्रैक्टर छोड़ मौके से फरार हो गया। बच्ची के चाचा करण ने बताया कि बुधवार की शाम वह अपने घर से बिस्किट खरीदने दुकान पर जा रही थी। उस दौरान वह सड़क पार कर रही थी। तभी एक बेलगाम ट्रैक्टर ने उसे ठोकर मार दिया। उससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गई। उसके बाद उसे फौरन इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहां डाक्टरों द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। इधर, मौत के बाद परिजन बिना पोस्टमार्टम कराये ही शव लेकर चले गए। बताया जा रहा कि बच्ची अपने चार भाई और चार बहनों में तीसरे स्थान पर थी। घटना के बाद के घर में कोहराम मच गया है। मां नूरजहां सहित परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## हथियार दिखा युवक से सोने की चेन छिनतई

**औरंगाबाद।** शहर के सिन्हा कॉलेज मोड़ के समीप मंगलवार की देर शाम सात की संख्या में रहे बदमाशों ने बाइक सवार एक युवक की जमकर पिटाई कर दी और उसके पास से सोने की चेन लेकर फरार हो गए। जख्मी की पहचान देव थाना क्षेत्र के कुसहा गांव निवासी अभिषेक कुमार के रूप में हुई है। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान अभिषेक ने बताया कि वह बाइक से अपने घर लौट रहा था, इसी दौरान सिन्हा कॉलेज मोड़ के समीप सात की संख्या में रहे बदमाशों ने उसकी बाइक रोककर उसके साथ मारपीट व छिनतई को अंजाम दिया। आरोप है कि विरोध करने पर पिस्टल का भय दिखाकर उसके साथ मारपीट की गई।




## जहानाबाद में जमीनी विवाद में दो पक्ष भिड़े, एक को लगी गोली

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

जहानाबाद में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में हुई भिड़ंत में एक व्यक्ति को गोली लगने का मामला सामने आया है। वहीं दो व्यक्तियों को लाठी डंडे से मारकर घायल करने की भी सूचना है। घटना परस बीघा थाना क्षेत्र के लरसा गांव की है।

जानकारी के अनुसार गांव के ही मुखु यादव एवं राजू विमल में कई महीनों से जमीनी विवाद चल रहा था। इसी बात को लेकर बुधवार को दोनों में कहा सुनी होने लगी, बात इतनी बढ़ी कि लाठी डंडे चलने लगे। इसी में शकूराबाद थाना क्षेत्र के काजी चक गांव निवासी राकेश कुमार बीच बचाव करने लगा, इसी बीच एक पक्ष ने गोली चला दी, जो राकेश कुमार की पीठ में लगी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। गोलीबारी की घटना की सूचना मिलने के बाद गांव में अफरा-तफरी का माहौल कायम हो गया। वहीं आसपास के लोगों के सहयोग से सभी को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां डॉक्टर द्वारा इलाज किया जा रहा है। डॉक्टर सुनील राय का कहना है कि मारपीट की घटना में तीन लोग घायल हुए हैं तीनों का इलाज किया जा रहा है।

घटना के संबंध में राजू विमल का कहना है कि हमारे विरोधी पक्ष वाले अंधाधुंध फायरिंग करने लगे लगभग 10 राउंड गोलियां चलाई जिसके कारण राकेश कुमार नामक युवक को गोली लगी है। इस घटना की सूचना पुलिस को दी गई है पुलिस अपने स्तर से मामले की जांच में जुट गई है। परस बीघा थाना प्रभारी अक्षवर सिंह का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है जमीनी विवाद में मारपीट की घटना हुई है।

## सोशल मीडिया पर बंदूक के साथ वीडियो वायरल, हथियार बरामद

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**

दो अवैध देसी बंदूक के साथ मस्ती करते चार युवकों का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मामला फेसर थाना क्षेत्र के फेसरा गांव का है। मामले में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज किया है। वहीं पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों देसी बंदूक बरामद कर लिया है और आरोपियों की तलाश में जुट गई है। अपर थानाध्यक्ष अफरोज खान ने बताया कि पिछले दो - तीन दिनों से सोशल मीडिया पर दो देसी बंदूक के साथ चार युवकों का वीडियो वायरल हो रहा था। जांच के दौरान पता चला कि सभी युवक थाना क्षेत्र के उस गांव निवासी पवन कुमार, अनुराग यादव, जय प्रकाश यादव एवं नितिन कुमार हैं। युवकों के घर पर छापेमारी की और दोनों देसी बंदूक बरामद कर लिया गया है। आरोपित फरार हैं।

### नाटक खेलने वाले बंदूक को असली बता फंसाने का आरोप

**औरंगाबाद।** देसी बंदूक के साथ सोशल मीडिया पर वायरल युवक की प्रतिक्रिया आई है। जिसमें वीडियो जारी कर उसने बताया कि यह सब उसके विरोधियों की चाल है। दरअसल सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में दिख रहा बंदूक असली नहीं बल्कि नाटक और रियाज करने वाला है। लेकिन विरोधी लोग पुलिस प्रशासन पर दबाव बना उसे असली बंदूक साबित करने पर तुले हैं। कहा कि मामले की जानकारी होने के बाद परिजनों को कहकर नकली बंदूक पुलिस को सुपुर्द करवा दिया। हमें साजिश के तहत फंसाया जा रहा है। उसने पुलिस अधीक्षक से मामले में निष्पक्ष जांच–पड़ताल की मांग की है।

## टैक्स को लेकर आयकर विभाग ने किया जागरूक

**जहानाबाद।** आयकर विभाग द्वारा टीडीएस के प्रति लोगों में जागरूकता और उससे होने वाले लाभ को लेकर सेमिनार का आयोजन किया गया। इसमें टैक्स डिपोजिट और रिटर्न को लेकर लोगों को जागरूक किया गया। वक्ताओं ने बताया कि अधिकतर टीडीएस की राशि जमा करने वाले टैक्स जमा करने वाले लोग जानकारी के अभाव में रिटर्न फाइल नहीं करते हैं। जिससे उन्हें नुकसान उठाना पड़ता है। इन्ही सारी चीजों को लेकर गया प्रमंडल के इनकम टैक्स विभाग के अधिकारियों द्वारा लोगों को जागरूक किया गया।

## बाइक से गिरकर युवक जख्मी

**औरंगाबाद।** मदनपुर थाना क्षेत्र के उमगा रोड में अनियंत्रित बाइक से गिरकर एक युवक घायल हो गया। युवक की पहचान बरछीबिर गांव निवासी सुरेश कुमार के रूप में हुई है। सुरेश ने बताया कि वह मदनपुर से बाजार कर बाइक से अपने घर लौट रहा था, इसी दौरान अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आकर युवक जख्मी

**औरंगाबाद।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के ओरा गांव के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक की पहचान झारखंड के हजारीबाग निवासी सियाराम के पुत्र पवन कुमार के रूप में हुई है। दुर्घटना के बाद युवक सड़क किनारे बेहोश पड़ा था। बाद में युवक को सदर अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां उसका उपचार किया गया।

## आजादी के सात दशक बाद भी नक्सल प्रभावित सहियारी गांव तक नहीं बन पाई है सड़क

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**



देश को आजाद हुए सात दशक से ज्यादा बीत चुके हैं। देश डिजिटल इंडिया की तरफ बढ़ रहा है लेकिन कुछ क्षेत्र ऐसे हैं जहां आज भी विकास की किरण नहीं पहुंची है। ऐसा ही हाल है मदनपुर प्रखंड के दक्षिणी उमगा पंचायत के नक्सल प्रभावित सहियारी गांव की है। जहां आजादी के सात दशक बीतने के बाद भी आज तक गांव तक पहुंचाने के लिए सड़क नहीं बनी है। गांव तक सड़क न होने के कारण ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, जबकि इस गांव की दूरी प्रखंड मुख्यालय से 12 किलोमीटर है। इस गांव में महादलित परिवार के 15 से 20 घर लोग रहते हैं। दलेल बिगहा -सहजपुर पक्की सड़क से आधे किलोमीटर की दूरी पर यह गांव स्थित है। इस गांव के ग्रामीण पक्की सड़क पहुंचने के लिए पगडंडी के सहारे आवागमन करते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि हर बार चुनाव के समय नेताओं के द्वारा सड़क बनाने का आश्वासन दिया जाता है लेकिन चुनाव के बाद कोई भी नेता गांव की तरफ नहीं देखा है प्रशासन द्वारा भी अब तक गांव में सड़क निर्माण के लिए कोई कदम नहीं उठाया गया है।

### गांव में नहीं है नल जल योजना

गर्मी के मौसम में ग्रामीणों को पेयजल के लिए परेशानी का सामना करना पड़ता है। मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना नल जल भी गांव में नहीं है। ग्रामीणों ने बताया कि शुद्ध पेयजल के लिए तरस रहे हैं चापाकल के भरोसे यहां के ग्रामीण पानी पर आश्रित हैं वह भी गर्मी के मौसम में जवाब दे देता है।



# रेलवे फाटक की अहमियत दरकिनार, हादसों के बाद भी लोग लापरवाह

- सड़क ओवरब्रिज योजना अधर में लटकने से लोगों की बढ़ रही मुश्किल
- रेल हादसों में वृद्धि होने के बाद भी लोग जान की परवाह किए बगैर पार कर रहे हैं पटरी

**अमरनाथ केशरी/डुमरांव**



डुमरांव के पश्चिमी व पूर्वी रेल गुमटी मार्ग पर सुरक्षा के लिए बनाये गये रेलवे फाटकों की अहमियत लगातार दरकिनार की जा रही है। रेल हादसों में वृद्धि होने के बाद भी लोग जान की परवाह किए बगैर पटरी पार कर रहे है। वहीं फाटक बंद होने के बावजूद दोपहिया वाहन चालक, युवा भी नियमों का उल्लंघन कर रेलवे ट्रैक को पार कर गुजर रहे हैं। रेलवे स्टेशन पर एक से दूसरे प्लेटफार्म पर जाने वाले यात्री भी नियमों को तोड़ रहे हैं और जिम्मेदार अफसर अंजान बने हैं। कार्रवाई नहीं होने से लोगों में इसका तनिक खौफ नहीं है। पूर्वी व पश्चिमी रेलवे फाटक पर आये दिन नियमों की अनदेखी के मामले सामने आते हैं। फाटक बंद होने पर दोपहिया वाहनों के चालक जल्दबाजी में जान जोखिम में डालकर बंद फाटक के नीचे से ही बाइक को निकालकर रेलवे ट्रैक पार करते हैं। अपनी जान के साथ ही नियमों को ताक पर रख रहे हैं। आम यात्री भी एक से दूसरे प्लेटफार्म पर जाने के लिए ओवरब्रिज के प्रयोग से दूर ट्रैक को पार कर गुजर रहे हैं। रेलवे स्टेशन पर तैनात आरपीएफ व जीआरपी इन सबसे अंजान बना है। रेलवे स्टेशन पर आये दिन हो रहे हादसों के बावजूद रेल यात्री नियमों को तोड़ने से बाज नहीं आ रहे है, जिससे हादसों का सिलसिला लगातार जारी है। जब भी कोई ट्रेन आती है तो उस समय दर्जनों की संख्या में यात्री सीधे ट्रैक को पार कर आते जाते है। इस प्रयास में वे हादसों का शिकार भी हो जाते है। यात्री अविनाश कुमार, अंकित कुमार, दीपक प्रसाद आदि ने बताया कि स्थानीय प्लेटफार्म पर हजारों यात्रियों के आने-जाने के लिए एक मात्र फुट ओवरब्रिज है। वह भी शेडविहीन है। एक साथ दो ट्रेनों के आने के बाद यह ओवरब्रिज संकीर्ण बन जाता है और विवश होकर रेल यात्री ट्रैकों को पार कर ट्रेन को पकड़ते है।

### ओवरब्रिज का निर्माण नहीं होने से हो रही परेशानी

डुमरांव रेलवे के पश्चिमी 64 नंबर गेट एनएच 120 से एनएच 922 को जोड़ता है। दो महत्वपूर्ण सड़को को जोड़ने वाले इस गेट पर सुबह से देर रात तक वाहनों की कतार लगी रहती है। आये दिन वाहनों के टक्कर से गेट के बूम क्षतिग्रस्त हो जाता है। ऐसी हालत में जाम की स्थिति बन जाती है। वाहनों को निकलने में घंटों समय गंवाना पड़ता है। जाम से निजात दिलाने के लिए इस गेट पर रेल सड़क ओवरब्रिज निर्माण का मुद्दा तेजी से उठा था। वर्ष 2017 में ही रेलवे की टीम ने ओवरब्रिज निर्माण के लिए मिट्टी की जांच की थी लेकिन जांच के बाद मामला अधर में लटक गया। पश्चिमी रेलवे क्रॉसिग से कुछ हीं दूरी पर रेलवे द्वारा फ्रेट टर्मिनल का निर्माण किया जा रहा है। इस निर्माण के पूरा होते ही सामानों के लोडिंग और अनलोडिंग के साथ ही व्यवसायिक गतिविधियां बढ़ेंगी तथा वाहनों का लोड भी सड़क पर बढ़ेगा। अगर रेल ओवरब्रिज का निर्माण होता है तो इस सड़क पर वाहनों के दबाव को रोका जा सकता है।

## एक नजर

### विद्यालय के वार्षिकोत्सव पर छात्रों ने प्रस्तुत किया रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम




**नावानगर।** स्थानीय प्रखंड के आरडीएस पब्लिक स्कूल मणियां का छठवां वार्षिकोत्सव बुधवार को मनाया गया। इस मौके पर छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर सभी का मन मोह लिया। छात्रों द्वारा कार्यक्रम की प्रस्तुति से उपस्थित लोगों ने तालियां बजाकर हौसला अफजाई की। छात्रों ने स्वागत गीत, वंदना, सामूहिक नृत्य, नृत्यगीत, नाटक मंचन कर उपस्थित लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। वही छात्रों द्वारा प्रस्तुत देश भक्ति से संबंधित कार्यक्रम में दर्शकों को आंसू बहाने पर विवश कर दिया। जबकि नाग-नागीन के नृत्य में चार चांद लगा दिए। सांस्कृतिक कार्यक्रम की उद्घाटन वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के सीनेटर सदस्य बलिराज ठाकुर, डा. विनोद कुमार सिंह, प्रो.शोभनाथ गुप्ता ने संयुक्त रुप से फीता काटकर किया। इसके बाद विद्यालय परिवार की ओर से सभी आगंतुकों को अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के डायरेक्टर राजकुमार सिंह एवं संचालन कांग्रेस के वरिष्ठ नेता वकील सिंह यादव ने किया। मौके पर लेखक एवं कथाकार श्रीभगवान सिंह, रघुनंदन कुमार, मनोरंजन कुमार, मुखिया प्रतिनिधि रामदेव सिंह, काशीनाथ सिंह, डॉ. हरिहर प्रसाद, हरिनारायण साह, जज सिंह, राजेंद्र गोप समेत अन्य थे।

### प्रखंड प्रमुख और उप प्रमुख के खिलाफ पंचायत समिति सदस्यों ने डाला अविश्वास

**केसठ।** केसठ प्रखंड प्रमुख और उप प्रमुख के खिलाफ पंचायत समिति सदस्यों ने मोर्चा खोल दिया है। पंचायत समिति सदस्यों ने अविश्वास प्रस्ताव को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी मिथिलेश बिहारी वर्मा को लिखित आवेदन दिया है। विदित हो कि केसठ प्रखंड में कुल पांच पंचायत समिति सदस्य है। जिसमे तीन पंचायत समिति सदस्यों ने प्रमुख मुन्ना सिंह और तीन पंचायत समिति उप प्रमुख के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव को लेकर एकजुट हो गए हैं। पंचायत समिति सदस्यों का कहना है कि प्रमुख योजनाओं के चयन में मनमानी करते हैं। इसके अलावा आवास योजना के चयन में रुचि नहीं लेना, सदस्यों को सम्मान नहीं देना आदि आरोप लगाए गए हैं। अविश्वास प्रस्ताव देने वाले में पंचायत समिति सदस्य असलम हुसैन, मंजू देवी एवं छोटेलाल पासवान शामिल है।

### पुलिस ने पकड़ा 28 लीटर शराब

**डुमरांव।** डुमरांव पुलिस ने शराब को लेकर विशेष अभियान चलाया, जिसमें डुमरांव थाना क्षेत्र के नोनियाडेरा त्रिमुहानी के समीप छापेमारी कर 13 लीटर देसी शराब के साथ 15 हजार नगद रुपये बरामद किया है। पुलिस की टीम इस मामले में शराब बेचते विजय चौधरी और उषा देवी को गिरफ्तार कर कड़ी पूछताछ के बाद जेल भेज दिया। वहीं नया भोजपुर ओपी पुलिस ने झाड़ी में छिपाकर रखे गये 15 लीटर देसी शराब बरामद करने में सफलता पायी है। पुलिस को देखते ही आरोपी भागने में सफल रहा। आरोपी की शिनाख्त नया भोजपुर के संजय चौधरी के रूप में हुई है।

### मंदिर के बाहरी खड़ी बाइक चोरी, केस दर्ज

**डुमरांव।** स्थानीय जंगलीनाथ महादेव मंदिर के बाहर खड़ी एक बाइक के चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित कुशलपुर गांव का रहने वाला सुनील कुमार सिंह बताया जाता है। पीड़ित नये साल पर अपने बाइक से जंगलीनाथ महादेव मंदिर में माथा टेकने गया था। वह बाइक को मंदिर को बाहर खड़ा कर दर्शन के लिए अंदर चला गया। जब बाहर आया तो बाइक नदारद थी। काफी खोजबीन करने के बाद भी बाइक का कोई अता-पता नही चला। पीड़ित ने इस मामले में डुमरांव थाने में लिखित शिकायत दर्ज करायी है।

## खबरें फटाफट

### ठंड के कारण ब्रेन हैमरेज होने से सेना के जवान की मौत

**डुमरांव।** नया भोजपुर निवासी व सेना के जवान 30 वर्षीय सोनू कुमार ठाकुर पिता मंगल प्रसाद ठाकुर की मौत ठंड की वजह से ब्रेन हैमरेज होने से हुआ है। इस संबंध में जानकारी देते हुए नया भोजपुर ओपी प्रभारी मुकेश कुमार ने बताया कि अनुमंडलीय अस्पताल में उसके मौत की पुष्टि करने वाले डॉक्टरों तथा पोस्टमॉर्टम टीम ने बताया कि ठंड की वजह से उसे ब्रेन स्टोक आ गया था। जिस कारण उसकी मौत हो गई। वही परिवारिक सूत्रों की मानें तो उसका अंतिम संस्कार गुरूवार को किया जाएगा। इस दौरान उसके कंपनी के जवान भी मौजूद रहेंगे। परिजनों ने बताया कि घटना की जानकारी उसके कंपनी को दे दी गई है। कंपनी के अधिकारी व जवानों की एक टीम गुरूवार की सुबह तक नया भोजपुर पहुंच जाएगी। बता दें कि सोनू आर्मी का जवान था तथा उसकी पोस्टिंग जम्मू कश्मीर में थी। वह एक महीना पहले छुट्टियों में गांव आया था। मंगलवार को दोपहर में घर से साग खाने खेत की ओर निकला था। लेकिन गांव के बाहर काली मंदिर के पास खेत में अचेतावस्था में पाया गया था। ग्रामीणों के सहयोग से उसे अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### सिकरौल थाना की पुलिस को मिली सफलता, तीन फर्जी आरसी बरामद

# वाहन चोर गिरोह का खुलासा, चोरी की स्कॉर्पियो के साथ पांच शातिर धराए

**केटी न्यूज/डुमरांव**

अनुमंडल की सिकरौल थाना की पुलिस ने वाहन चोरी के एक बड़े गिरोह का उद्भेदन किया है। इस दौरान पुलिस ने एक स्कार्पियों, उसका फर्जी वाहन पंजीकरण प्रमाण पत्र, एक लैपटॉप तथा एक मोबाईल के साथ गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को यह सफलता मंगलवार को गुप्त सूचना के आधार पर सिकरौल थाना क्षेत्र के घुनसारी गांव के पास से मिली। बुधवार को डुमरांव डीएसपी अफाक अख्तर अंसारी ने प्रेस वार्ता आयोजित कर इसकी जानकारी दी।



एसडीपीओ ने बताया कि सिकरौल पुलिस को मंगलवार की शाम सूचना मिली थी कि एक चोरी के वाहन से कुछ युवक घूम रहे है। इस सूचना पर सिकरौल थानाध्यक्ष बिरेन्द्र कुमार ने एक टीम गठित कर विभिन्न मार्गों पर वाहन चेकिंग अभियान शुरू कराया। इस दौरान घुनसारी गांव के पास एक स्कार्पियों जिसका नंबर बीआर 02 एएफ 1985 आती दिखाई दी। पुलिस ने जब उक्त वाहन को रूकवाया तथा कागजात की मांग की तो उसमें बैठे युवकों ने पुलिस पर रौब दिखाते हुए वाहन का आरसी बुक पुलिस को थमा दिया, लेकिन पुलिस को पहले ही इसका इनपुट मिल गया था कि वाहन चोरी का है। इसके बाद पुलिस ने गहराई से आरसी कार्ड की पड़ताल की तो वह फर्जी निकला। तब पुलिस ने वाहन में बैठे श्याम कुमार मिश्र पिता विनोद मिश्र बाबा नगर जासो रोड तथा कन्हैया यादव पिता स्व रामनाथ यादव बुधनपुरवा बक्सर को गिरफ्तार कर पूछताछ किया गया तो उनलोगों ने बताया कि वाहन के संबंध में जानकारी घुनसारी के अरबिंद यादव उर्फ छोटू पिता विष्णु सिंह देंगे। इसके बाद अभियुक्तों की निशानदेही पर अरबिंद यादव को गिरफ्तार किया गया। अरबिंद यादव ने बताया कि उक्त वाहन को श्याम कुमार मिश्र, कन्हैया यादव तथा बिट्टू पांडेय ने सासाराम के एक युवक से यह जानते हुए खरीदा था कि यह चोरी का है। तीनों इस वाहन का उपयोग शराब के अवैध कारोबार में कर रहे थे। वही फर्जी आरसी कार्ड के संबंध में उनलोगों ने बताया कि बक्सर पुरानी कचहरी स्थित सहेली फोटो स्टेटक दुकान संचालक जयप्रकाश सिंह पिता स्व रामप्रकाश सिंह, मुरारपुर थाना इटाढ़ी ने बनाया था। इसके बाद पुलिस ने जयप्रकाश को भी गिरफ्तार कर लिया। एसडीपीओ ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से एक लैपटॉप, एक मोबाईल तथा तीन फर्जी आरसी कार्ड बरामद किया गया है। डीएसपी ने बताया कि गिरफ्तार अरविंद यादव को अपराधिक रिकार्ड रहा है। उस पर राजपुर तथा बक्सर नगर थाने में आर्म्स ऐक्ट तथा अन्य संगीन धाराओं में मामले दर्ज है। गिरफ्तार चोरों को आवश्यक पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया है। प्रेस वार्ता के दौरान सिकरौल थानाध्यक्ष बिरेन्द्र कुमार, पुलिस निरीक्षक मुकेश कुमार आदि मौजूद थे।

### लूट की एक अपाचे बाइक के साथ युवक गिरफ्तार, जांच में जुटी पुलिस

**डुमरांव।** सिकरौल पुलिस ने लूट की एक अपाचे बाइक के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस को यह सफलता गुप्त सूचना पर थाना क्षेत्र के बैकुंठपुर गांव से मिली है। गिरफ्तार युवक धर्मेन्द्र पासवान पिता गया पासवान ने पुलिस के सामने स्वीकार किया है कि उक्त बाइक 3 मई 2022 को दावथ थाना क्षेत्र से बाइक चालक को गोलीमार लूटी गई थी। जिसका दावथ थाने में कांड संख्या 92/22 दर्ज है। बुधवार को डुमरांव डीएसपी अफाक अख्तर अंसारी ने प्रेस वार्ता कर बताया कि गिरफ्तार बाइक चोर ने बताया है कि वह उक्त बाइक को उसने रौशन नाम के किसी युवक से खरीदा है। बाइक बरामद करने के बाद पुलिस दावथ थाने को भी इसकी जानकारी दी है। गिरफ्तार युवक के घर से काले रंग की अपाचे बाइक को पुलिस ने जब्त कर लिया है। वही उसके निशानदेही पर गिरोह में शामिल अन्य चोरों की शिनाख्त की जा रही है। ज्ञात हो कि डुमरांव अनुमंडल क्षेत्र में बाइक चोरी और लूट की घटना बढ़ी है। आए दिन किसी न किसी की बाइक चोरी हो रही है। पुलिस इस मामले में रिपोर्ट दर्ज करने के बाद चुपचाप बैठक जाती है।

## बक्सर जिले का विकास करना ही मेरा एकमात्र लक्ष्य: प्रो डॉ. एके दूबे

**केटी न्यूज/बक्सर**



बक्सर मेरा जन्मभूमि है। जिला बनने के बाद भी इसका अपेक्षित विकास नहीं हुआ है। यहां के प्रतिनिधियों ने बक्सर क विकास की ओर ध्यान नहीं दिया। जिस कारण बक्सर जिला में अपेक्षाकृत पिछड़ा रह गया है। उक्त बातें दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर तथा सिमरी प्रखंड के दुबौली गांव निवासी प्रो डॉ. एके दूबे ने बुधवार को ब्रह्मपुर में बाबा ब्रह्मेश्वरनाथ की पूजा अर्चना के बाद कही। इसके बाद वे पदयात्रा निकाल नैनीजोर तक गए। नैनीजोर में उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित किया और कहा कि बक्सर का विकास ही उनका लक्ष्य है। इसी लक्ष्य के लिए वे दिल्ली से अपने गांव लौटे हैं। बताया कि मैं बक्सर संसदीय क्षेत्र से चुनाव लडूंगा। उन्होंने कहा कि यहां पढ़ाई, दवाई व रोजगार की व्यवस्था करवाई जाएगी। ताकी यहां के युवाओं को पढ़ाई और रोजगार के लिए भटकना नहीं पड़े। कहा कि आईएएस, पीसीएस तथा एसएससी जैसे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए कोचिंग संस्थान खुलवाए जाएंगे। जहां दक्ष शिक्षक छात्रों को सफलता के टिप्स देंगे। उन्होंने कहा कि गरीब बच्चों को मुफ्त किताब-कॉपी उपलब्ध करवाई जाएगी।

## बंद घर से 20 लाख की हेरोईन बरामद, तस्कर फरार

**केटी न्यूज/बक्सर**

मुफस्सिल थाने की पुलिस ने गुप्त सूचना पर थाना क्षेत्र के जासो रोड स्थित एक बंद घर का ताला तोड़ 228 ग्राम हेरोईने बरामद की है। बरामद हेरोईन की अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत 20 लाख रूपए आंकी जा रही है। हालांकि पुलिस के पहुंचने के पहले ही तस्कर भागने में सफल रहा। उसकी पहचान शशि यादव के रूप में हुई है। पुलिस उसके खिलाफ एनडीपीएस ऐक्ट में एफआईआर दर्ज कर उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी अभियान चला रही है। वह पूर्व में भी हेरोईन तस्करी मामले में जेल जा चुका है तथा जेल से छूटने के बाद एक बार फिर से मादक पदार्थों की तस्करी में जुट गया था। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की शाम मुफस्सिल थानाध्यक्ष राहुल कुमार को सूचना मिली थी कि जासो रोड का शशि



यादव जेल से छूटने के बाद फिर से मादक पदार्थों की तस्करी कर रहा है तथा वह अपने घर में हेरोईन की खेप लेकर आया है। इस सूचना पर थानाध्यक्ष ने एक टीम गठित कर उसके घर छापेमारी अभियान चलाया। हालांकि शशि को पुलिस के आने की भनक लग गई थी तथा वह घर में ताला बंद कर फरार हो गया था। पुलिस ने उसके घर का ताला तोड़ अंदर जब पड़तला की तो घर में प्लास्टि में छिपाकर रखे गए 228 ग्राम हेरोईन तथा 2 डिजीटल पॉकेट तराजू मिला। डीएसपी अशफाक अंसारी ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि फरार तस्कर की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वह पूर्व में भी हेरोईन के साथ पकड़ा गया था, लेकिन जेल से बाहर आने के बाद मादक पदार्थों की तस्करी में सक्रिय हो गया था। उन्होंने बताया कि उसे जल्दी ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।




### डुमरांव के प्रगतिशील किसान अभय राय के खेत का डीएम ने किया निरीक्षण

# बेहतर क्वालिटी के शिमला मिर्च का उत्पादन देख खुश हुए डीएम

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डीएम अंशुल अग्रवाल ने बुधवार को डुमरांव के प्रगतिशील किसान अभय राय के खेत का निरीक्षण किया। उन्हें जानकारी मिली थी कि दक्षिण टोला के किसान सब्जी तथा फल की खेती कर किसानों के लिए मिशाल बन रहे है वही उनके उत्पाद भी गुणवत्ता की कसौटी पर खरे उतर रहे है। जानकारी मिलते ही वे पूरे लाव लश्कर के साथ टेढ़की पुल के पास स्थित किसान अभय राय के खेत में गए। जिस समय डीएम खेत पर पहुंचे तो किसान खेत में तैयार शिमला मिर्च को तोड़कर बाजार भेजने की तैयारी कर रहे थे। पहले तो किसान डीएम तथा अन्य प्रशासनिक अधिकारियों को



देख अचरज में पड़ गया, लेकिन जैसे ही माजरा समझा वह उत्साहित हो डीएम को अपने खेत में उगे शिमला मिर्च सहित अन्य उत्पादों को दिखाने लगा। बेहतर क्वालिटी का शिमला मिर्च का उत्पादन देख हर पदाधिकारी दंग था। डीएम ने किसान के प्रयास की जमकर सराहना की तथा अन्य किसानों को भी ऐसी खेती के लिए प्रेरित करने को कहा। खेत में शिमला मिर्च के अलावे केला ब्रोकली पपीता लहलहा रहे थे। उन्होंने सब्जी की खेती के पूरे तौर तरीकों को जाना। इसमें प्राप्त होने वाले सरकारी सहायता की जानकारी ली। खासकर डीप इरीगेशन तथा हॉर्टिकल्चर विभाग से अनुदानित दर पर मिलने वाले पौधे की जानकारी ली। किसान ने गर्मी के दिनों में तरबूज एवं खरबूज के अलावे वृहद पैमाने पर होने वाले सब्जी की खेती एवं उसके खपत की जानकारी दी। इस दौरान डीएम किसान से सब्जी की खेती से प्रतिवर्ष होने वाले 10 लाख रुपया और उससे अधिक आय पर खूब खुश नजर आए। मौके पर डीडीसी डॉ महेंद्र पाल, एसडीओ कुमार पंकज, सीओ अंकिता सिंह व अन्य लोग उपस्थित थे।



# सामाजिक समरसता को बढ़ावा की आवश्यकता है, इसलिए संवाद हो: सांसद

♦ सरकार की सारी योजनाओं का लाभ सीधे जनता को मिले

**केटी न्यूज/बलिया**

जनहित मे लोकतन्त्र की रक्षा के लिए हमारे द्वारा शुरू किया गया लोक संवाद, ग्राम सभा से उठकर लोकसभा तक पहुचा है। जिसे आज संसद मे प्रस्तुत होने के बाद प्रधानमंत्री द्वारा पुरे देश में चलाया जा रहा हैं। जिससे समाज को काफी बल मिलेगा आज सामाजिक समरसता को बढ़ावा की आवश्यकता है। इसलिए संवाद आवश्यक है। उक्त उदगार हैं सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त के जो बुधवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र मुरली छपरा के प्रांगण में विकसित भारत संकल्प यात्रा को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। सांसद ने कहा की अगर ग्राम सभा में यह संवाद नहीं शुरू हुआ होता तो लोकसभा तक नहीं पहुंचता। उन्होंने कहा की आज केन्द्र एवं राज्य सरकार की सारी योजनाओ का लाभ सीधे जनता को मिल रहा हैं। सांसद नें कहा कि मेरे प्रयास से आज बलिया लोकसभा क्षेत्र में एक लाख बारह हजार करोड़ कि बिभिन्न योजना सड़क, पुल, रेल लाईन,बंदरगाह, ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस -वे आदि दर्जनों योजना का निर्माण कार्य चल रहा हैं। हमने अपने सरकार के केन्द्रीय मंत्री से जिस कार्य के लिये प्रस्ताव भेजा। उसे स्वीकृति मिली। जिससे बलिया का स्वरूप बदल रहा है। प्रधानमंत्री ने केन्द्र में महिलाओं 33 फिसदी आरक्षण दिया गया है। आरक्षण बदलता भारत का तकदीर देखता हैं। सरकार ने गांव से खेतों कि जोड़ने कि योजना चलाई गयी है। जिससे किसान खेतों से जुड़ गया जिसका परिणाम हैं कि आज 60 फिसदी किसान एक फसल एवं 40 फिसदी किसान दो फसल पैदा कर उसका लाभ पा रहे। सन 1952 से 2014 तक का कोई भी प्रधानमंत्री नहीं होगा जिस पर घोटाला का आरोप नहीं लगा होगा। सांसद नें 98 करोड़ दो लाख 65 हजार रुपए कि लागत से हुये दर्जनों कार्य का लोकार्पण एवं शिलान्यास भी किया । कार्यक्रम में पूर्व मंत्री उपेन्द्र तिवारी, भाजपा जिलाध्यक्ष संजय यादव नें परियोजना निदेशक बलिया, अमिताभ उपाध्याय, प्रमुख कन्हैया सिंह, राकेश सिंह, धर्मबीर उपाध्याय, मनोज सिंह ने सम्बोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्रमुख अनिरुद्ध यादव एवं संचालन विजय बहादुर सिंह नें किया। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा मौके पर कैंप लगाया गया। वहीं कृषि विभाग द्वारा उन्नतशील बीजों का भी कैंप लगाया गया। कृषि सर्वे ड्रोन कैमरा भी रखा गया था। जिससे शीघ्र में खेतों में पैदा होने वाली फसलों का सर्वे किया जा सकता है। वआंगनबाड़ी केन्द्रो का कैंप, भारतीय स्टेट बैंक, कृषि विभाग, यूपी बडौदा बैंक, उद्यान विभाग, पशुपालन विभाग आदि की भी प्रदर्शनी मौके पर लगाया गया।



## खबरें फटाफट

### आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**बलिया।** फेफना मालगोदाम के पास लोहे के रॉड से ट्रक ड्राइवर को घायल करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर बुधवार की दोपहर कार्रवाई में जुट गई है। आपकी जानकारी के अनुसार 31 दिसंबर की रात कयूम खां निवासी आराजी माफी पिपरा ट्रक लेकर फेफना माल गोदाम के पास गया थ। तभी फेफना निवासी नगदु यादव लोहे के रॉड से कयूम खां के सिर पर प्रहार कर दिया। जिससे कयूम खां मौके पर ही बेहोश होकर गिर गया था। पुलिस ने आरोपी नगदु यादव के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई में जुट गई है।

### सपा नेता ने मरीजों, गरीबों को बांटे कंबल

**चंदौली।** ठंड व शीत लहर को देखते हुए सपा युवा नेता व समाजवादी अधिवक्ता सभा के प्रदेश महासचिव अमित यादव ने एसएस हॉस्पिटल पचफेड़वा के प्रांगण में मरीज व गरीबों में कंबल वितरण किया। कंबल वितरण के दौरान इन्होंने कहा कि जनवरी माह में ठंड व शीतलहर बढ़ जाने के कारण गरीबों को गर्म कपड़ों की आवश्यकता होती है। इसके लिए हम सभी लोगों को आगे आकर मदद करने की जरूरत है। इसके तहत हम सभी लोग लगभग पांच दर्जन गरीबों व अस्पताल में भर्ती मरीजों में कंबल वितरण करने का काम किया है। इस मौके चकरू यादव, केदार यादव, गंगाराम, डॉ राज, डॉ मनीष,डॉ एपी सिंह, नगीना यादव ,श्याम नारायण प्रधान सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

### तस्करी के मामले में 10 वर्ष की सजा

**बलिया।** मादक पदार्थ तस्करी करने के मामले में सुनवाई करते हुए सिविल कोर्ट के अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने दो आरोपियों को बुधवार की सुबह दस–दस वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही एक–एक लाख रूपए के अर्थदंड से भी दंडित किया। दोनों आरोपियों का नाम क्रमशः चंदन कुमार गुप्ता निवासी महुआपार डकिनगंज व अक्षयलाल राजभर निवासी सिहोरिया है। दोनों के खिलाफ शहर कोतवाली में मुकदमा दर्ज हुआ था। साक्ष्यों के न्यायिक परिसीलन के बाद अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने दोनों आरोपियों को दोषी पाते हुए दोनों को दस–दस वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई।

### 109 अभ्यर्थियों को मिला जॉब का ऑफर

**चंदौली।** प्रदेश सरकार की पहल पर बुधवार को सदर विकास खंड परिसर में बुधवार को बेरोजगारों के लिए रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ मुगलसराय विधायक रमेश जायसवाल और खंड विकास अधिकारी रक्षित सिंह ने ने उदघाटन किया। रोजगार मेले में कुल 317 से अधिक अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया और जिसमें 109 अभ्यर्थियों को जाब का ऑफर दिया गया। इस दौरान मुगलसराय विधायक रमेश जायसवाल ने कहा कि कौशल विकास मिशन के तहत बेरोजगारों को रोजगार देने की पहल की है।

## पेट्रोल भरवाने पहुंच रहे लोगों में महिलाएं भी शामिल रहीं, उन्हें भी झेलनी पड़ी परेशानी

# चालकों की हड़ताल का दिखा असर पेट्रोल पंपों पर ग्राहकों की लगी भीड़

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

हिट एंड रन के नए कानून को लेकर ट्रक और बस चालकों की हड़ताल का असर आम जनजीवन पर भी दिखने लगा। हड़ताल के दूसरे दिन शाम होते ही कई पेट्रोल पंप स्टॉक खत्म होने के चलते बंद कर दिए गए। ऐसे में वाहन चालकों के बीच अफरा -तफरी मची रही। जिन पेट्रोल पंपों पर तेल उपलब्ध था, वहां ग्राहकों की भारी भीड़ नजर आई। शहर के लंका पेट्रोल पंप पर पेट्रोल भरवाने के लिए लोगों की भीड़ लगी रही। लोग अपने वाहनों में पेट्रोल भरवाने के लिए मशक्कत करते नजर आए। इस दौरान जिसको पेट्रोल मिल जा रहा था उसके चेहरे पर मुस्कान दिख रही थी कि मानो वह जंग जीत लिया हो। वहीं पेट्रोल भरवाने पहुंच रहे लोगों में महिलाएं भी शामिल रहीं।



इस दौरान पेट्रोल भरवाने पहुंची महिला ने बिना नाम बताए कहा कि हिट एंड रन कानून की वजह से जो ड्राइवरों की हड़ताल है उसकी वजह से आमजन के साथ खास तौर से लेडीज को भी परेशानी झेलनी पड़ रही है। इसकी वजह से इतनी रात हम लोगों को पेट्रोल भरवाने के लिए आना पड़ रहा है। लोगों ने कहा कि ड्राइवर पांच से दस हजार के लिए और अपने परिवार के लिए सफर करते हैं, वो 5 से 10 लाख रुपये हजार्ना भरने के लिए कहां से लेकर आएंगे। वही अन्य वाहन चालकों द्वारा बताया गया कि बस और ट्रक ड्राइवरों के हड़ताल की वजह से टैंकर भी पेट्रोल पंप तक नहीं आ पा रहे हैं। इसकी वजह से पेट्रोल - डीजल की किल्लत हो गई है। और हमें कहीं आने जाने में परेशानी झेलनी पड़ रही है। वहीं लंका पेट्रोल पंप मालिक संजय अग्रवाल ने बताया कि अभी हमारे पास दो दिन का स्टॉक है। लेकिन जिस तरह से लोग पेट्रोल भरवाने आ रहे इससे लगता नहीं कि दो दिन चल पाएगा। अभी चालकों की हड़ताल की वजह से पेट्रोल टैंकर नहीं आ पा रहे हैं। यदि यहीं स्थिति रही तो आने वाले समय में परेशानी का सामना उठाना पड़ सकता है। बड़े वाहनों के कारण छोटे वाहन चालकों को भी परेशानी हो रही है। कई स्थानों पर बड़े वाहन चालक जाम की स्थिति पैदा कर दे रहे है। इससे आम जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। इससे निपटने के लिए प्रशासन को मशक्त उठानी पड़ रही है।

## हिट एंड रन को लेकर डीएम- एसपी ने की यूनियन के नेताओं के साथ बैठक

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जिलाधिकारी आर्यका अखौरी एवं पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में ट्रक, बस, यूनियन तथा ट्रांसपोर्ट एवं पेट्रोल पंप संचालकों के हड़ताल समाप्त करने के संबंध में बैठक आहूत की गई। जिसमें समस्त संबंधित अधिकारी व पेट्रोल पंप ट्रांस्पोट एवं संचालक उपस्थित रहे। उन्होंने 'हिट एंड रन' कानून के संबंध में वार्ता हुई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा परिवहन व्यवस्था को पूर्व के भांति सुचारू रूप से चलते रहने के लिए यूनियन के पदाधिकारियों से सहयोग की अपेक्षा की गई तथा सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन द्वारा भी सहयोग की अपील की गई। पेट्रोल पंप संचालकों से व्यवस्था में कमी न हो इसकी अपेक्षा की गई। बैठक में उपस्थित समस्त लोग अपनी सहमती जताते हुए सहयोग करने को कहा। उन्होंने यूनियन के नेताओं से आग्रह किया कि जाम जनता को किसी भी तरह से परेशान नहीं किया जाए। यदि कोई भी परेशान करने की कोशिश करता है। तो प्रशासन के सहयोग से उस पर लगाम लगायी जाए। कानून व्यवस्था को अपने हाथ में लेने की आवश्यकता नहीं है। यदि कोई भी कानून तोड़ता है तो उसके विरूद्ध सख्त कारवाई की जाएगी।

किसी भी सूरत में छोड़ा नहीं जाएगा। बैठक में पुलिस अधीक्षक, अपर जिलाधिकारी तथा क्षेत्रीय प्रबंधक परिवहन निगम उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने समस्त पंप मालिकों को निर्देशित किया कि प्रत्येक पंप पर पीने का पानी, शौचालय, वहां भरने वाली मशीन के साथ -साथ साफ-सफाई लगातार रखी जाए। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने जनपदवासियों से अपील किया है कि पेट्रोल एवं डीजल पर्याप्त उपलब्धता है। जिससे किसी भी व्यक्ति को तेल की कमी नहीं होगी। शान्ति पूर्वक पेट्रोल एवं डीजल लें। कानून व्यवस्था का पालन करें।

## केंद्रीय मंत्री ने 3.8 करोड़ से हुए 33 कार्यों का किया लोकार्पण



**केटी न्यूज/ पीडीडीयू**

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत बुधवार को नगर पालिका इंटर कॉलेज में आयोजित समारोह में चंदौली सांसद और केंद्रीय मंत्री डॉ. महेन्द्रनाथ पांडेय ने 3.8 करोड़ की लागत से नगर में हुए 33 कार्यों का लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने उज्ज्वला योजना, पीएम स्वनिधि योजना, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड के लाभार्थियों को सम्मानित किया। इस मौके पर उन्होंने केंद्र और प्रदेश सरकार की ओर से चलाई जा रही लाभार्थी परक योजनाओं के बारे में बताया। वहीं 2047 तक भारत को विकसित करने के लिए लोगों को संकल्प दिलाया। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री डॉ. महेन्द्र नाथ पांडेय ने कहा कि नरेन्द्र मोदी के रूप में भारत को इतना अनुभवी और समर्पित नेता मिला है। कहा कि नरेन्द्र मोदी प्रतिदिन सुबह साढ़े आठ बजे से रात 12 बजे तक बिना थके काम करते हैं। कहा कि चंदौलीवासियों के आशीर्वाद से दो बार सांसद बना हूं।

## पुलिस मुठभेड़ में गोली लगने से इनामी बदमाश संतोष राजभर जख्मी, गिरफ्तार

♦ बाराबंकी व गाजीपुर में दर्ज है कई आपराधिक मुकदमा

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जिले की भांवरकोल पुलिस व क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम ने अवथहीं मोड़ पर पुलिस मुठभेड़ में 25000 रुपये के इनामी बदमाश को गोली मारकर गिरफ्तार कर लिया। गोली लगने से एक बदमाश जख्मी हो गया। उधर अंधेरे का लाभ उठाकर दूसरा बदमाश फरार हो गया। घायल बदमाश को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस को सूचना मिली थी कि बिना नंबर की बोलेरो से गोवंशों की तस्करी की जा रही है। इसके बाद संयुक्त टीम ने अवथहीं मोड़ पर घेराबंदी कर चेकिंग शुरू की। भोर में करीब साढ़े तीन बजे करीमुद्दीनपुर की तरफ से एक तेज रफ्तार बोलेरो आते देख टीम ने रोकने का प्रयास किया, तो



गाड़ी रूकने की बजाय टीम को कुचलकर मारने के लिए और तेजी से आगे आई। इसके बाद टीम ने दौड़ाकर पीछा किया और आगे जाकर घेर लिया। घिर जाने के बाद बोलेरो चालक सहित दो बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक गोली एक बदमाश के पैर में लगी, वहीं दूसरा बदमाश मौके से फरार हो गया। घायल बदमाश को पुलिस लेकर अस्पताल आई। उसने अपना नाम संतोष राजभर पुत्र रामाशीष राजभर निवासी करीमुद्दीनपुर बताया। बताया जा रहा है कि गिरफ्तार बदमाश पर गाजीपुर व बाराबंकी में 25000 रुपये का इनाम भी घोषित है। उधर फरार बदमाश की तलाश की जा रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही वह भी गिरफ्तार होगा।

## ताइक्वांडो के प्रति अब युवक और युवतियों का बढ़ रहा है लगातार झुकाव, ले रहे दिलचस्पी

# गाजीपुर के सात बच्चों ने जीता कुंग फू वुशू नेशनल खेल में पदक

**केटी न्यूज/ गाजीपुर**

ताइक्वांडो के प्रति अब युवक और युवतियों के क्रेज आत्मरक्षार्थ खेल को लेकर धीरे-धीरे बढ़ता जा रहा है। जिसका नजारा गाजीपुर रेलवे स्टेशन पर देखने को मिला। जब असम के मिर्जा जिले में आयोजित तीन दिवसीय कुंग फू वुशू नेशनल खेल में शामिल 43 बच्चों में से सात बच्चे पदक जीत कर घर वापस पहुंचे। जिनका रेलवे स्टेशन पर भव्य स्वागत किया गया।



गाजीपुर के केएस मिक्स मार्शल आर्ट अकादमी के 11 खिलाड़ियों सहित उत्तर प्रदेश के कुल 43 बच्चों ने असम के मिर्जा जिले में तीन दिवसीय कुंग फू वुशू नेशनल प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। जिसमें गाजीपुर के 11 बच्चे भी शामिल थे।

इसमें से नौ बच्चों ने पदक हासिल किया है। नौ पदक में से चार स्वर्ण पदक, दो रजत और तीन कांस्य पदक पर अपना कब्जा जमाया है। बताते चलें कि जय दुबे ने 42 से 46 किलो वर्ग भार में स्वर्ण पदक, ज्ञानेंद्र कुमार बिंद ने 46 से 49 किलो भार वर्ग में स्वर्ण पदक, आलोक बिंद ने 51 से 55 किलो भार वर्ग में स्वर्ण पदक, आयुष वर्मा 46 से 50 किलो में रजत पदक, रोशनी कुशवाहा 23 से 25 किलो में स्वर्ण पदक, प्रभास राम बिंद ने 70 किलो में रजत पदक जीता। वही संजना रजनीश और प्रियांशु दुबे ने कांस्य पदक जीता है। यह प्रतियोगिता कोच कृष्ण कुमार शर्मा की देख-रेख में संपन्न हुआ। अपने कोच के साथ जब खिलाड़ी गाजीपुर रेलवे स्टेशन पर उतरे तो यहां पर स्थानीय लोगों ने कोच के साथ ही सभी खिलाड़ियों का फूल-मालाओं से उनका भव्य स्वागत करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया। वहीं दूसरी ओर बच्चों की इस कामयाबी में परिजन भी खुश औ फूले नहीं समा रहे है। वह बच्चों को इस खेल में और आगे बढ़ाने का प्रयास कर रहे है। ताकि और अधिक पदक जीत सके।

## एक नजर

### सर्पदंश प्रबंधन के लिए चलेगा प्राइवेट प्रोजक्ट

**गाजीपुर।** प्रदेश के तीन जनपदों गाजीपुर, सोनभद्र व बाराबंकी में सर्पदंश प्रबंधन के लिए प्राइवेट प्रोजक्ट चलाया जाना सुनिश्चित हुआ है। जनपद में एक अप्रैल से 31 दिसंबर 2023 तक कुल 47 व्यक्तियों की सर्पदंश से मृत्यु हुआ है। उनको चार-चार लाख का सहायता दिया गया। सर्पदंश से मृत्यु को कम करने के लिए जनपद में जागरूकता व प्रशिक्षण कार्यक्रम तीन से नौ जनवरी 2023 तक चलाया जाना है। इसी क्रम में तीन जनवरी 2024 को जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण गाजीपुर अंतर्गत इमरजेंसी चिकित्साधिकारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आईडीएसपी कार्यालय के सहयोग से मुख्य चिकित्साधिकारी के कुशल निर्देशन में सम्पन्न हुआ। जिसमें मास्टर ट्रेनर के रूप में डा. अभिनव कुमार सिंह एवं अशोक कुमार राय आपदा विशेषज्ञ जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरणॉ के द्वारा ट्रेनिंग दिया गया। इस कार्यक्रम में डा. जेएन सिंह, डा. मनोज कुमार सिंह, मनोज कुमार, प्रेमचन्द्र चौहान, डा शहबाज अली खान, राधेश्याम यादव, विनोद गुप्ता आदि उपस्थित थे।

### 2047 तक विकसित होगा भारत: प्रमोद वर्मा

**गाजीपुर।** जखनिया विकास खंड के ग्राम सभा सोफीपुर और दामोदरपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सरकार द्वारा पात्र लाभार्थियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष प्रमोद वर्मा ने भारत की पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई ज्योति राव को उनके जन्मदिवस पर नमन किया। महिलाओं के सशक्तिकरण में उनका कितना योगदान रहा उस पर प्रकाश डाला और उसके उपरांत कहा 2014 से जब से भारत में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनी और 2017 में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश की सरकार बनी देश व प्रदेश के बेसहारा वह गरीब लोगों के जीवन के उत्थान के लिए मोदी योगी के नेतृत्व में 135 जन कल्याणकारी योजनाओं का आरंभ किया गया। इस मौके पर उमाशंकर यादव, इंद्रदेव कुशवाहा, दया शंकर सिंह, रानी देवी,कृष्णा यादव, चंदन दास, रामकमल गौरव, फैज अहमद, रामधनी प्रसाद, प्रतिभा भारती सहित अन्य उपस्थित रहे।

### नर सेवा ही नारायण सेवा: ज्वाइंट मजिस्ट्रेट

**चंदौली।** नर सेवा नारायण सेवा व जरूरतमंदों मजलूमों की सेवा से बढ़कर कोई सेवा हो ही नहीं सकती है वस्त्रदान व अनुदान से बढ़कर कोई दान नहीं है उक्त बातें चंदौली अस्पताल एवं एमडी नर्सिंग व पैरामेडिकल कॉलेज के विशालकक्ष में 38 वे कंबल वितरण एवं दवा वितरण एवं सम्मान समारोह के कार्यक्रम के दौरान बतौर मुख्य अतिथि चंदौली जनपद की ज्वाइंट मजिस्ट्रेट हर्षिका सिंह उपस्थित जनसमूह को संबोधित करती हुई कहीं कि यह पुनीत कार्य यदि प्रत्येक समाजसेवी करना शुरू कर दे तो शायद जरूरतमंदों की सेवा अपने आप हो जाएगी। क्षेत्राधिकार सदर राजेश राय ने अपनी उद्बोधन में कहा कि डॉ बृजेश कुमार मौर्य यह पुनीत कार्य जो कर रहे हैं यह काबिले तारीफ है मैं हृदय के गहराइयों से चंदौली अस्पताल को धन्यवाद देता हूं। अंतरराष्ट्रीय व प्रख्यात प्रमुख समाजसेविका डॉक्टर सरिता मौर्य ने कहा कि बेटे और बेटी में अंतर मत रखिए अगर बेटा शान है तो बेटी वन है जिस प्रकार से बेटियों को समाप्त किया जा रहा है उनके साथ भेदभाव किया जा रहा है वह दिन दूर नहीं की धरती पर से जनसंख्या समाप्त हो जाएगा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राजीव पांडे ललित नारायण तिवारी, राघवेंद्र प्रताप सिंह, संतोष यादव दिलीप कुमार, बीरबल मौर्य महेंद्र शर्मा आदि भाग्यवती सिंह आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### शहरी क्षेत्र में अतिक्रमणों को हटाने का निर्देश

**मऊ।** जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) एवं स्थानीय निकाय के कार्यों की बुधवार को मासिक समीक्षा बैठक जिलाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक के दौरान नगर मजिस्ट्रेट को एक सप्ताह के अंदर शहरीय क्षेत्र में अवैध अतिक्रमणों को अभियान चलाकर हटाने के भी निर्देश दिए। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका द्वारा बताया गया कि जनपद के नगर पालिका एवं नगर पंचायत में प्रतिदिन 176.30 मी0 टन कूडा निकलता है। जिलाधिकारी ने नगर पालिका एवं नगर पंचायत में लगाए गए सफाई कर्मचारियो की संख्या के बारे जानकारी ली एवं शहरी क्षेत्र में सड़कों की साफ सफाई सही न होने पर अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को पर्याप्त मात्रा में सफाई कर्मचारियों को लगाकर सड़कों की साफ सफाई करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने नगर पालिका क्षेत्र में कूड़ा निस्तारण हेतु डंपिंग ग्राउंड के निर्माण की प्रगति के बारे में जानकारी ली। जिलाधिकारी द्वारा बैठक के दौरान निराश्रित/बेसहारा पशुओं हेतु गौ आश्रय स्थलों के संचालन की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने जितने भी नगर पंचायत में अभी तक गौशाला हेतु भूमि का चिन्हांकन नहीं हुआ है, वहां पर भूमि का चिन्हांकन कर कार्य शुरू करने के निर्देश दिए।

### आंगनबाड़ी केंद्रों के प्री प्राइमरी स्कूल 14 तक बंद

**गाजीपुर/मऊ।** भीषण शीतलहर को देखते हुए जिलाधिकारी के निर्देश पर बेसिक शिक्षा विभाग के आदेश से एक से 14 जनवरी तक सभी प्राथमिक एवं जूनियर हाई स्कूल बंद चल रहे हैं। इन्हीं विद्यालयों में अधिकांश आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन भी होता है। जिसमें तीन से छह वर्ष तक के बच्चे प्री प्राइमरी स्कूल में शामिल होते हैं। इन बच्चों के लिए भी दो से 14 जनवरी तक अवकाश घोषित किया गया है। गाजीपुर तथा मऊ के जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि भीषण शीतलहरी को देखते हुए जिलाधिकारी के निर्देश पर एक से 14 जनवरी तक जनपद के सभी कक्षा एक से आठ तक के विद्यालयों को बंद किया गया है। इन विद्यालयों में बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा तीन वर्ष से छह वर्ष के बच्चों के लिए प्री प्राइमरी स्कूल का भी संचालन होता है। ऐसे में अब इन विद्यालय के बच्चों के लिए भी दो से 14 जनवरी तक अवकाश की घोषणा की गई है। उन्होंने बताया कि बच्चों के अवकाश होने के बाद आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिका केंद्रों पर निर्धारित समय से उपस्थित रहकर शीतकालीन अवधि में विभागीय कार्यों का संपादन करेंगी। जैसे टेक होम, राशन का वितरण, समुदाय गतिविधियां, विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम, ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवस तथा पोषण ट्रैक्टर से संबंधित कार्यों सहित अन्य शासकीय कार्यों का निर्वहन पूर्ण की भांति करती रहेंगी। इस दौरान यदि कोई लापरवाही करता है तो वह क्षम्य में नहीं होगा।

दाँत का अस्पताल
शिवम डेन्टल मल्टीस्पेशलिटी क्लिनिक
AN ISO certified Clinic 9001 : 2015
पता - पाल कॉम्पलेक्स महराजा पेट्रोल पंप के बगल में स्टेशन रोड़, डुमरांव
मोबाईल नम्बर 7992243949, 9570259286
E mail id - kundan95702@gmail.com
दंत-रोपण एवं टूटे हुए जबड़े की सफल सर्जरी

डा. हिमांशु पाण्डेय
सुप्रसिद्ध दंत चिकित्सक
शिवम डेन्टल मल्टीस्पेशलिटी क्लिनिक